योग शिक्षा में एक वर्षीय नियमित स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

शिक्षण शुल्क: पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छात्र/छात्रा रुपये 25,000/- शिक्षण शुल्क निर्धारित किया गया है जो कि प्रवेश साक्षात्कार के समय डिमांड ड्राफ्ट (D.D.) द्वारा लिया जायेगा। उक्त शुल्क में एक ट्रेक सूट एवं एक टी-शर्ट व एक दिवसीय स्थानीय शैक्षणिक भ्रमण सम्मिलित हैं।

माध्यम : अध्यापन का माध्यम हिन्दी होगा। छात्र हिन्दी अथवा अंग्रेजी माध्यम से परीक्षा दे सकते है।

अवधि : पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष (पूर्णकालिक) होगी। विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्रानुसार।

प्रवेश क्षमता : पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों हेतु कुल 40 स्थान निर्धारित किये गए हैं।

प्रवेश की न्यूनतम अहर्ताएं : किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में स्नातक (10+2+3) > 45% अंक के साथ, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) हेतु न्यूनतम उत्तीर्णांक।

छात्रावास : छात्रों हेतु उचित शुल्क पर विश्वविद्यालय छात्रावास में रहने की सुविधा भी उलब्ध है।

स्वास्थ्य एवं चरित्र प्रमाण-पत्र: स्वास्थ्य एवं चरित्र प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से देय होगा। जो छात्र मानसिक रूप से या अन्य किसी भी दीर्घकालिक रोग से पीड़ित हो उन्हें इस पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

आरक्षण : राज्य एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर जिसके बारे में निर्देश प्राप्त होते हैं (अ.जा. : 16%, अ.ज.जा. : 12%, अन्य पिछड़ा वर्ग 21%)

प्रवेश: प्रवेश निर्धारित मेरिट सूची एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर दिया जायेगा।

भारांक: स्नातक स्तर पर योग शिक्षा एक एच्छिक विषय के रूप में +10% एवं योग शिक्षा में नियमित लघु अवधि प्रमाण पत्रधारी को +10% अतिरिक्त अंक भारांक के रूप में दिये जायेंगे।

उपस्थिति: पाठ्यक्रम हेतु 75% उपस्थिति होना अनिवार्य होगी।

पाठ्यक्रम का विवरण

1. **वार्षिक सैद्धान्तिक (लिखित) परीक्षा:** चार व्याख्यान कक्षाएं प्रतिदिन होगी। इसमें पांच अध्ययन के विषय होंगे।
2. **अभ्यास अध्यापन (लेसन प्लान):** इसमें 10 लेसन प्लान होंगे।
3. **प्रयोगात्मक कक्षाएं:** प्रतिदिन प्रातः एक घण्टे यौगिक अभ्यास की होगी।
4. **विशेषज्ञ:** आयुर्वेदिक चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी का योग से समन्वय पर व्याख्यान आयोजित कराये जायेंगे।
5. **योगाभ्यास शिविर:** स्थानीय तथा बाह्य संस्थाओं में केन्द्र के छात्र-छात्राओं द्वारा योग अभ्यास शिविर का आयोजन।

	विषय
1.	Patanjali Yog Sutra
2.	Hath Yog
3.	Yog and Culture Synthesis
4.	Physiology & Anatomy
5.	Swastha Vrata
6.	Practical – Lesson Plan, Aasan, Pranayam, Bandh, Mudra, Kriyaye, 30 Minutes Prayer & Meditation, Om Chant & Oral.

	विषय
1.	पतंजलि योग सूत्र
2.	हठ योग
3.	योग एवं सांस्कृतिक समन्वय
4.	शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञान
5.	स्वस्थ वृत्त
6.	प्रायोगिक अभ्यास - अभ्यास अध्यापन, आसन, प्राणायाम, बन्ध, मुद्रा, क्रियायें, 30 मिनिट तक ध्यान एवं प्रार्थना एवं ॐ का उच्चारण एवं मौखिक।

योग शिक्षा में छः सप्ताह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु रुपये 10,000/- शिक्षण शुल्क निर्धारित किया गया है। पाठ्यक्रम की अवधि छः सप्ताह (10 मई से 25 जून) पूर्णकालिक होगी। विद्यार्थियों हेतु कुल 60 स्थान निर्धारित किये गए हैं। प्रवेश की न्यूनतम अहर्ता 12वीं पास है। आरक्षण नियमानुसार दिया जायेगा।

पाठ्यक्रम का विवरण

हठ व पतंजलि योग का परिचय, शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान और योग मनोविज्ञान व शिक्षण अभ्यास के साथ ही प्रयोगात्मक कक्षाओं में प्रतिदिन प्रातः एक घण्टे यौगिक अभ्यास होगा।